जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा

एक दिवसीय शिविर

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में दिनांक 27.03.2023 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के द्वारा गोद ली गई माला रोड स्थित कच्ची बस्ती में किया गया | जिसमें स्वयं सेविकाओं के द्वारा भारत सरकार युवा कार्यक्रम विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली द्वारा भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के समन्वय में औपचारिक शिक्षा एवं नियमित रोजगार में नहीं देने वाली युवाओं के सर्वेक्षण गोद ली गई कच्ची बस्ती में किया जाना था | स्वयंसेविका के द्वारा 15 से 29 वर्ष की आयु के मध्य के वे लोग जो न तो इस समय औपचारिक शिक्षा ले रहे हैं और ना ही किसी नियमित रोजगार में है उन लोगों का सर्वे किया गया ।इस हेतु स्वयं सेविकाओं ने ऐसे पुरुष और महिलाओं की संख्या ,उनकी शैक्षिक स्थिति ,उनके काम करने की रुचि ,व्यवसाय की इच्छा, ऋण का स्रोत, वैवाहिक स्थिति इत्यादि के बारे में जानकारी एकत्रित की। सर्वे को लेकर ग्रामीणों में शुरुआत में जिज्ञासा रही बाद में स्वयंसेवकों द्वारा जानकारी देने के बाद वे सहर्ष इस बारे में बताने को तैयार हो गए ।सर्वे कार्य में छात्रों के अनुभव बहुत अच्छे रहे ।एक दिवसीय कैंप में विद्यार्थियों को सर्वप्रथम औपचारिक शिक्षा की महत्वता के बारे में बताते हुए शिक्षित होने के फायदे के बारे में बताया गया। इससे विद्यार्थियों ने जाना कि शिक्षा के द्वारा व्यक्ति अपने अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकर आसानी से रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य बना सकता है । इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अलग-अलग टीम बनाकर व्याख्याताओं के नेतृत्व में अनंतपुरा बस्ती में जाकर वहां रहने वाले परिवारों का सर्वेक्षण कर नियमित रोजगार या औपचारिक शिक्षा में नहीं रहने वाले युवाओं के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ विद्यार्थियों ने अशिक्षित युवाओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया व शिक्षार्जन हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने नियमित रोजगार में नहीं होने वाले युवाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया।

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.05.17 13:15:49 +05'30'